

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में शुरू हुए 10 दिवसीय स्पोकन इंग्लिश कोर्स में भाग लेते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

# गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में शुरू हुआ स्पोकन इंग्लिश कोर्स

अम्बाला, 6 अक्तूबर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में सोमवार को भाषा प्रयोगशाला तथा अंग्रेजी विभाग के सहयोग से 10 दिवसीय स्पोकन इंग्लिश कोर्स का शुभारंभ किया गया। इस कोर्स का उद्देश्य विद्यार्थियों की अंग्रेजी बोलने के प्रवाह, आत्मविश्वास और व्याकरणिक शुद्धता को बढ़ाना है, ताकि वे शैक्षणिक, पेशेवर और सामाजिक संवाद में दक्ष बन सकें।

इस कोर्स का संचालन प्रो. मेहक तलवार और प्रो. हर्षिता द्वारा किया जा रहा है, जो विद्यार्थियों को इंटरैक्टिव अभ्यासए रोल-प्ले और वास्तविक जीवन संवाद के माध्यम से अंग्रेज़ी भाषा में प्रवीण बनाने में मार्गदर्शन करेंगी। यह कोर्स विभिन्न शैक्षणिक धाराओं के विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया है और इसका फोकस दैनिक जीवन, प्रस्तुतियों और समूह चर्चाओं में अंग्रेजी का व्यावहारिक उपयोग करना है।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने आज के वैश्वीकरण युग में प्रभावी संवाद कौशल के महत्व पर जोर दिया और उम्मीद जताई कि इस प्रकार की पहल विद्यार्थियों को पेशेवर और सामाजिक रूप से आत्मविश्वासपूर्वक संवाद करने में सक्षम बनाएगी। यह पहल कॉलेज की समग्र शिक्षा प्रदान करने की निरंतर कोशिशों का हिस्सा है, जो विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यक्तिगत और करियर विकास के लिए आवश्यक सॉफ्ट स्किल्स भी प्रदान करती है। उन्होंने छात्रों से अनुरोध किया कि वे इस अवसर का पूर्ण लाभ उठाकर अपने संवाद कौशल को निखारें।